रविवार 02 जून 2019

हिन्दुस्तान

ग्रेटर नोएडा मेट्रो कल से 7.30 मिनट में मिलेगी

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो मेट्रो सोमवार से व्यस्त समय में साढ़े सात मिनट में मिलेगी। सुबह 8 से 11 और शाम 5 से 8 बजे के बीच मेट्रो इतने समय में उपलब्ध रहेगी। बाकी समय में 10 मिनट के अंतराल में लोगों को मेट्रो मिलेगी। यह व्यवस्था सोमवार से शुक्रवार के बीच में लागू रहेगी। अभी व्यस्त समय में 10 और बाकी समय में 15 मिनट में मेट्रो मिलती है।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि अभी रोजाना 10 ट्रेन के माध्यम से 163 ट्रिप मेट्रो लगा रही थी। अब 13 ट्रेन के जरिए 221 ट्रिप लगेंगे। ऐसे में मेट्रो की फ्रीक्वेंसी कम होने से 58 ट्रिप मेट्रो अधिक लगाएगी। इससे लोगों का नोएडा-ग्रेनो के बीच सफर आसान होगा।

व्यवस्था

- यह सुविधा सुबह 8 से 11 और शाम 5 से 8 बजे तक रहेगी
- शनिवार-रविवार को मेट्रो 15 मिनट के अंतराल में मिलेगी

शुरुआत में 15-15 मिनट के अंतराल में मेट्रो को चलाया गया। 4 मार्च से मेट्रो के समय में बदलाव किया गया था। उस दिन से सुबह-शाम व्यस्त समय में 10-10 मिनट के अंतराल में मेट्रो चलानी शुरू की गई थी। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि मेट्रो के चलने से लेकर अब तक 27 मई को सबसे ज्यादा 19413 लोगों ने सफर किया।

मेट्रो कर्मचारियों को सुरक्षा के तरीके बताए

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के ग्रेटर नोएडा डिपो के सभागार में आपदा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मेट्रो के कर्मचारियों व सुरक्षा बलों को आपदा के समय यात्रियों की सुरक्षा व राहत पहुंचाने और उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की जानकारी दी।

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि एनएमआरसी किसी भी तरह की संकट की स्थिति से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है। एनएमआरसी के पास आपदा से निपटने के लिए आधुनिक स्तर के उपकरण हैं। कार्यशाला लगाकर कर्मचारियों को इसके लिए समय-समय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल और सिग्नल से संबंधित तकनीकी मुद्दों से निपटने के साथ आग, बम जैसी आपदा से निपटने के बाद तत्काल कैसे राहत पहुंचाई जाए, इस विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. टीसी गुप्ता ने आपदा के समय या सफर के दौरान हृदयाघात होने पर तत्काल उपचार देने के लिए एक्यूप्रेशर विधि के बारे में समझाया।

ग्रेटर नोएडा मेट्रो डिपो के सभागार में शनिवार को आपदा प्रबंधन की जानकारी देते विशेषज्ञ। • हिन्दुस्तान